भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2469
उत्तर देने की तारीख 03 अगस्त, 2026
12 श्रावण, 1948 (शक)

2028 ओलंपिक के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना

2469. श्री रॉबर्ट ब्रूस सी.:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आगामी वर्ष 2028 में लॉस एंजेलेस में आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों की तैयारी के लिए भारतीय एथलीटों हेतु टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टीओपीएस) के अंतर्गत आवंटित, जारी तथा उपयोग की गई कुल केंद्रीय बजट धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) उत्कृष्ट प्रशिक्षण अवसंरचना के विकेंद्रीकरण तथा तमिलनाडु सहित दक्षिणी राज्यों में विश्वस्तरीय कृत्रिम एथलेटिक्स ट्रैक एवं उच्च ऊंचाई वाले प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना के लिए किए गए संस्थागत उपायों/उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्ष 2028 के ओलंपिक चक्र हेतु केंद्रीय उच्च-प्रदर्शन राष्ट्रीय शिविरों के अंतर्गत वर्तमान में सहायता प्राप्त एथलीटों की कुल 'संख्या का ब्यौरा क्या है तथा इनमें तमिलनाडु के खिलाड़ियों का विशिष्ट संख्यात्मक प्रतिनिधित्व कितना है; और

(घ) दक्षिण भारत में केंद्रीय समरूपी अनुदान की स्वीकृतियों हेतु लंबित पड़े राज्य स्तरीय खेल अवसंरचना उन्नयन प्रस्तावों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के अंतर्गत, कोचिंग, अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर, खेल विज्ञान एवं खेल चिकित्सा सहायता, खेल उपकरण तथा खिलाड़ियों की अन्य विशिष्ट आवश्यकताओं सहित अनुकूलित प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु चिह्नित खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

पिछले पाँच वित्तीय वर्ष के दौरान टीओपीएस स्कीम के अंतर्गत किया गया व्यय निम्नानुसार है:

वर्ष	**आवंटित/किया गया व्यय (करोड़ रु.)**
2021-22	27.6
2022-23	21.71
2023-24	24.21
2024-25	17.11
2025-26	34.81
कुल	125.44

(ख) से (घ): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेलों के संवर्धन की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। तथापि, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय विभिन्न खेल संवर्धन स्कीमों के माध्यम से राज्य सरकारों के प्रयासों में सहायता करता है। इसके अतिरिक्त, खेलो इंडिया स्कीम (केआईएस) तथा राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य सहित देशभर में स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं, उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि तथा उनकी वास्तविक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

अब तक, वर्ष 2028 में लॉस एंजेलेस में आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों की तैयारियों के भाग के रूप में टीओपीएस स्कीम के तहत तमिलनाडु राज्य के 41 खिलाड़ियों सहित शीर्ष 369 खिलाड़ियों को सहायता प्रदान की जा रही है। तमिलनाडु राज्य के इन 41 खिलाड़ियों का विवरण अनुबंध-I में है।

*****

अनुबंध-I

"2028 ओलिम्पिक के लिए टारगेट ओलिम्पिक पोडीयम योजना" के संबंध में श्री रॉबर्ट ब्रूस सी. द्वारा दिनांक 03.08.2026 **के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.** 2469 **के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

तमिलनाडु राज्य से संबंधित खेल विधा-वार सांख्यिकीय विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	**खेल विधा**	**एथलीटों की संख्या**
1.	एथलेटिक्स	13
2.	बैडमिंटन	4
3.	टेनिस	6
4.	नौकायन	4
5.	पैरा बैडमिंटन	4
6.	फेन्सिंग	2
7.	शूटिंग	2
8.	टेबल टेनिस	2
9.	स्क्वैश	2
10.	हॉकी	1
11.	पैरा एथलेटिक्स	1
	कुल	**41**

****